2040 के लिये EU का नया जलवायु लक्ष्य

स्रोत: डाउन टू अर्थ

यूरोपीय संघ (European Union- EU) ने हाल ही में अपना नवीनतम प्रस्तावित 2040 जलवायु लक्ष्य प्रस्तुत किया है, जिसमें **वर्ष 1990 के मूलभूत स्तरों की तुलना में वर्ष 2040 तक 90% के शुद्ध उत्सर्जन** कटौती लक्ष्य की रूपरेखा दी गई है।

- सितंबर 2020 में निर्धारित यूरोपीय संघ के पिछले लक्ष्य का उद्देश्य वर्ष 2030 तक ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन को **वर्ष 1990 के स्तर से 55% कम करना** था, जिसे बाद में **वर्ष 2050 तक** कार्बन तटस्थता (Carbon Neutrality) प्राप्त करने की प्रतिबद्धता के साथ यूरोपीय संघ जलवायु कानून में शामिल किया गया था।
  - लक्ष्य को पूरा करने के लिये, **यूरोपियन कमीशन ने वर्ष 2021 में "फिट फॉर 55"** पैकेज जारी किया, जिसने वर्ष 2030 कटौती लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये प्रस्तावों का एक सेट प्रदान किया।
- वर्ष 2024 में प्रस्तुत नवीनतम प्रस्ताव यूरोपीय संघ के जलवायु कानून (EU Climate Law) द्वारा अनिवार्य किया गया एक मध्य अवधि का कदम है, जो दुबई में **UNFCCC के पक्षकारों के 28वें सम्मेलन** के दौरान आयोजित प्रथम ग्लोबल स्टॉकटेक (Global Stocktake-GST) के **छह माह के भीतर ही वर्ष 2040 तक के लिये लक्ष्य** विकसित करने की प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करता है।
  - यह प्रस्ताव **वर्ष 2040 तक कोयले के उपयोग में उल्लेखनीय कमी** की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है, जिसमें प्राकृतिक गैस में तेज़ी से गिरावट आने की उम्मीद है और तेल **चरणबद्ध तरीके से समाप्त होने वाला अंतिम घटक** होगा। हालाँकि कुछ जीवाश्म ईंधन गैर-ऊर्जा उद्देश्यों तथा लंबी दूरी के परिवहन के लिये **उपयोग में बने रहेंगे**।
- आलोचकों का तर्क है कि **प्रस्तावित लक्ष्य यूरोपीय संघ के ऐतिहासिक उत्सर्जन भार को पर्याप्त रूप से संबोधित करने में सफल नहीं** हैं।
- कार्बन संग्रहण और **CO2 को हटाने वाली प्रौद्योगिकियों** पर भारी निर्भरता लक्ष्य की महत्त्वाकांक्षा तथा प्रभावशीलता के बारे में चिंता पैदा करती है।

और पढ़ें: UNFCCC में पार्टियों का 28वाँ सम्मेलन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/eu-sets-new-climate-goal-for-2040